अमर उजाला

UP: नामी कंपनियों के लेवल लगाकर नकली घी बनाने वाली फैक्टरी पकड़ी, पुलिस ने संचालक को हिरासत में लिया

अबाबकपुर गांव में नामी कंपनी के मिलावटी घी के धंधे का खुलासा हुआ है। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली देसी घी बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। मौके से करीब 1,080 लीटर मिलावटी घी, बड़ी मात्रा में कच्चा माल, मशीनें और फर्जी पैकिंग सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने फैक्टरी चलाने वाले एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/up-factory-producing-fake-ghee-using-labels-of-renowned-companies-busted-2026-02-12